कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

Email:-dfo_pauri_uta@yahoo.co.in , Fax no:-01368-222215

पत्रॉकः– 1847 / 12-1 : दिनॉकः पौड़ी, माह, जनवरी, 03 2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत 400 के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड,
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
पो0बॉ0–213 जौली रोड़, मुजफ्फनगर।

प्रस्ताव सं0– **FP/UK/Trans/39376/2019**

विषय– **जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत 400 के0वी0 मुजफ्फनगर–विष्णुप्रयाग द्विपथ पारेषण लाइन के क्षतिग्रस्त टावर सं0 266 के स्थान पर दो नये टावरों के निर्माण हेतु 3.893 हे0 अतिरिक्त वन भूमि उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 को 30 वर्षो की लीज पर दिये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ– आपकी पत्र सं0–03 / वि.400के.वी.उ.ख.(मु0) / एल–2, दिनॉक 01–01–2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि आपके प्रस्ताव में उच्च स्तर से बिन्दु सं0 1 से 9 तक आपत्तियां लगाई गई थी। जिसका निराकरण आपके द्वारा किया जाना था। परन्तु आपके उक्त सन्दर्भित पत्र में सिर्फ यह उल्लेख किया गया है कि आपत्ति का निराकरण कर अपलोड (Upload) कर दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आपत्तियों का निराकरण पार्ट–। के किस बिन्दु के किस पैरा / क्रमांक में किया गया है, का भी उल्लेख किया जाना है। इसी के साथ–साथ आपके द्वारा कई प्रपत्रों / नक्शों में भी सम्बन्धित अधिकारियों के भी हस्ताक्षर नहीं हैं।

अतः उच्च स्तर से लगाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार पूर्ण रूप से निराकरण करते हुये सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लक्ष्मण सिंह रावत)
उप वन संरक्षक,
गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी।